भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1262

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए आवंटित धनराशि

†1262. श्री देवेश शाक्य:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 1,000 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है और यदि हाँ, तो बजट का प्रमुख मद-वार आबंटन और अब तक व्यय की स्थिति क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश के एटा, कासगंज, बरेली, आंवला, बदायूं, शाहजहाँपुर, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा और औरैया जिलों में खेल अवसंरचना, प्रतिभा पहचान, प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशिक्षकों की नियुक्ति और युवाओं की भागीदारी के संदर्भ में अब तक की प्रगति का ब्यौरा क्या है, जिन्हें बहुधा खेलो इंडिया कार्यकलापों में चुना गया है या उनमें भाग लिया है;

(ग) क्या उपर्युक्त जिलों और एटा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कोई नया खेल केंद्र, खेल अकादमी या खेल प्रतियोगिता शुरू करने हेतु प्राथमिकता सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है अथवा शामिल किया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी हां। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के लिए 1,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस मंत्रालय में धनराशि मद-वार नहीं, स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है। अब तक खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत 599.12 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया जा चुका है।

(ख) से (घ) उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक

डोमेन में उपलब्ध है। अब तक उत्तर प्रदेश के एटा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में विभिन्न खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले एथलीटों, खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए), खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ इन केंद्रों के अंतर्गत प्रशिक्षित खेल विधाओं की मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर राज्य-वार और विधा-वार संख्या पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****